Regarding filling up of vacant posts at Raipur Akashwani Centre and starting E Band up-link RNU facility from Jagdalpur Centre-laid

श्री बृजमोहन अग्रवाल **(**रायपुर**) :** छत्तीसगढ़ के राजधानी रायपुर के आकाशवाणी केन्द्र में स्वीकृत 30 पदों में से 20 पद रिक्त हैं । इन्हें शीघ्र पूर्ति करने की आवश्यकता है । पर्याप्त संख्या में स्टाफ पदस्थ नहीं होने के कारण आदिवासी अंचल जगदलपुर (बस्तर) में सी-बैंड अप-लिंक आरएनयू सुविधा उपलब्ध होने के बावजूद भी, यहां केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं का स्थानीय भाषा में सप्ताह में केवल एक दिन प्रसारण होता है, जिससे आदिवासी भाई-बंधुओं की समाचारों को नियमित रूप से सुनने में समस्या आती है । मैं सरकार से अनुरोध करता हूँ कि रायपुर के आकाशवाणी केन्द्र में रिक्त पदों की पूर्ति और जगदलपुर (बस्तर) केन्द्र में सी-बैंड अप-लिंक आरएनयू सुविधा का उन्नयन करने हेतु त्वरित कार्यवाही करें ।